**SAR TELEVENTURE LIMITED**
**CIN: L45202UP2019PLC213062**
Reg Off.: B-16, First Floor, Sector-2,
Noida-201301, Uttar Pradesh
Contact: +91-8587050050
Email id: info@sarteleventure.com
Website: www.sarteleventure.com

**September 5, 2026**

The Manager,
Listing Department
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai-400051

Symbol: NSE: SARTELE
ISIN: INE0PUC01020

Sub: Newspaper Advertisement – Public Notice to the Members regarding the 7th Annual General Meeting (AGM) of the Company scheduled on Tuesday, September 29, 2026 at 1:00 P.M. IST through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM")

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of the newspaper advertisements published on September 05, 2026, in respect of the 7th Annual General Meeting ("AGM") of the Company scheduled to be held on Tuesday, September 29, 2026 at 1:00 P.M. IST through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM"). The advertisements were published in PIONEER (English) and PIONEER (Hindi).

The Annual Report of the Company and the Notice of the 7th AGM were sent to the shareholders through electronic mode to their email addresses registered with their Depository Participant(s) / the Company / MUFG Intime India Private Limited (formerly Link Intime India Private Limited) as of the cut-off date, i.e., August 28, 2026.

We request you to please take the same on record.

Thanking You,
Yours Faithfully,
**For SAR Televenture Limited**

MAYANK JAIN
Digitally signed by MAYANK JAIN
Date: 2026.09.05 16:39:13 +05'30'

**Mayank Jain**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**
**M. No. A26620**



# जन्माष्टमी की धूमः 10 टन फूलों से सजा इस्कॉन मंदिर परिसर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गाजियाबाद के राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लगातार मंदिर पहुंच रहे हैं। जन्माष्टमी के लिए इस बार मंदिर को वृंदावन की थीम पर सजाया गया है। भक्तों को वृंदावन धाम के पवित्र निकुंज का एहसास कराने के लिए राधे श्याम निकुंज तैयार किया गया है। मंदिर की भव्य सजावट में करीब 9 से 10 टन फूलों का इस्तेमाल किया गया है। इनमें मुख्य मंदिर की सजावट में ही एक टन से अधिक फूल लगाए गए हैं। इटली और हॉलैंड (नीदरलैंड्स) से आए फूलों ने मंदिर परिसर की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं।

मंदिर के महंत प्रभु जी एवं अध्यक्ष आदिकर्ता दास ने बताया कि जन्माष्टमी पर करीब चार लाख श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी भक्त को परेशानी न हो।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किए दर्शन

गाजियाबाद। जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी इस्कॉन मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर की भव्य सजावट की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर को बेहद सुंदर तरीके से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि वह हर वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर यहां दर्शन करने जरूर आएं। मंत्री ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी इस्कॉन मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। जन्माष्टमी के अवसर पर इस्कॉन मंदिर में भव्य फूलों की सजावट, श्रद्धालुओं की भारी भीड़, धार्मिक आयोजन और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

## श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की धूम, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

ग्रेटर नोएडा। श्री श्याम सेवा परिवार ग्रेटर नोएडा की ओर से आनंद किमाया ग्रैंड बैंक्वेट हॉल में तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस संकीर्तन महोत्सव में खाटूश्याम बाबा के भजनों की ऐसी



धूम रही कि पूरा बैंक्वेट हॉल भक्ति के माहौल में डूब गया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने देर तक खाटूश्याम के भजनों पर झूमकर अपनी आस्था प्रकट की। प्रसिद्ध भजन गायकों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हॉल में उपस्थित श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारे लगाते रहे। तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के दौरान देश के अलग-अलग शहरों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कानपुर से आई प्रसिद्ध भजन गायिका शर्मा सिस्टर ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके साथ ही इंदौर के कलाकार शिवम रावल ने भी खाटूश्याम बाबा की महिमा का बखान करते हुए मनमोहक भजन पेश किए। वहीं जयपुर से आए गायक आयुष सोमानी ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए और बाबा के जयकारों से हॉल गूंज उठा।

## जन्माष्टमी पर गाजियाबाद में स्वच्छता और गौसेवा का संदेश

गाजियाबाद। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने शहर के सभी जोन में विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर मंदिरों और जन्माष्टमी समारोह स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराई गई। मंदिरों के बाहर रंगोली बनाई गई, जबकि प्रकाश विभाग ने लाइटिंग की व्यवस्था को दुरुस्त कर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण किया। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर निगम अधिकारियों ने नंदी पार्क गौशाला पहुंचकर गौ पूजन किया। अधिकारियों ने गोवंशों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौ सेवा की तथा उन्हें माला पहनाकर पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी गौशाला पहुंचकर गोवंशों की सेवा की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्माष्टमी को देखते हुए नगर निगम सीमा के सभी जोन में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने भी पर्व को स्वच्छता के साथ मनाते हुए अपने घरों और मंदिरों को सजाया व स्वच्छता का संदेश दिया।

# मथुरा जाने के लिए बसों में यात्रियों की रही भीड़



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जन्माष्टमी और तीन दिन की लंबी छुट्टियों के कारण शुक्रवार को बसों में भीड़ रही। इसमें मथुरा की बसों में भीड़ सबसे ज्यादा थी। नोएडा डिपो और सेक्टर 37 में बड़ी संख्या में यात्री बसों में सवार होकर निकले। नोएडा डिपो में शुक्रवार सुबह से ही यात्रियों की भीड़ थी। दोपहर तक यह भीड़ जारी रही। इसमें मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना की बसों में अधिक यात्रियों ने सफर किया। डिपो की ओर से अतिरिक्त बसों की सुविधा भी यात्रियों को दी गई। आमतौर पर इन शहरों के लिए रोजाना चार से पांच बसें चलती हैं।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि अन्य दिनों के मुकाबले बसों में यात्रियों की संख्या अधिक थी। गुरुवार रात को भी यात्री मथुरा व अन्य शहरों के लिए निकले थे।दूसरी तरफ सेक्टर 37 पर बड़ी संख्या में यात्री मथुरा की बसों में सवार हुए। सेक्टर 37 के रास्ते मथुरा, आगरा और नोएडा-ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेस वे होकर अन्य शहरों के लिए बड़ी संख्या में निजी ऑपरेटर्स की बसें निकलती हैं। इनमें वातानुकूलित और साधारण, दोनों तरह की बसें शामिल हैं।

# राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर खुला यातायात निरीक्षक कार्यालय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शहर की यातायात व्यवस्था को और सुचारु बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक और कदम उठाया है। राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर नवनिर्मित यातायात निरीक्षक कार्यालय का उद्घाटन एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरण नैय्यर ने किया। इस अवसर पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरण नैय्यर ने कहा कि कार्यालय खोलने का उद्देश्य आमजन को यातायात संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की सुविधा देना और क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस लगातार व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि नया कार्यालय यातायात पुलिसकर्मियों के लिए भी सुविधाजनक होगा। इससे उन्हें ड्यूटी के दौरान धूप और बारिश से बचाव मिलेगा तथा मौके पर रहकर यातायात व्यवस्था की निगरानी और नियंत्रण में आसानी होगी। नया कार्यालय राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के निवासियों और इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों की यातायात संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण में सहायक होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर ट्रैफिक की निगरानी और यातायात नियमों के पालन को प्रभावी बनाने में भी मदद मिलेगी।

# सड़क पार कर रही महिला बस की टक्कर से घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पार करते समय डीटीसी बस की चपेट में आई महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। निजी अस्पताल के आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। महिला के बेटे ने सेक्टर-39 थाने में बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिल्ली के मदनपुर खादर स्थित दुलीचक कॉलोनी निवासी नवीन प्रजापति के अनुसार उनकी मां मालती देवी बीते गुरुवार सुबह नोएडा आई थीं। करीब सवा आठ बजे वह बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आई डीटीसी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कि मालती की स्थिति चिंताजनक है और डॉक्टर उन्हें आईसीयू में रखकर उपचार कर रहे हैं।नवीन ने घटना की शिकायत सेक्टर-39 पुलिस से की। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुर्घटना की सही वजह और बस की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार फुटेज मिलने के बाद चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्राधिकरण की बेवसाइट पर छह साल से बैलेंस सीट की जानकारी नहीं

नोएडा। प्राधिकरण की वेबसाइट पर वर्ष 2019-20 के बाद से बैलेंस सीट से संबंधित कोई जानकारी अपडेट नहीं है। एनुअल रिपोर्ट तो वर्ष 2007-08 के बाद भी अपडेट नहीं है। लोगों ने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए सीईओ को पत्र लिखकर जानकारी देने की मांग की है। प्राधिकरण के सीईओ को भेजे पत्र में सेक्टर-77 प्रतीक विस्टीरिया निवासी अमित गुप्ता ने कहा है कि प्राधिकरण एक सरकारी संस्था है। इसके बावजूद वेबसाइट पर ज्यादातर चीजें अपडेट नहीं हैं। यह पारदर्शिता के नियमों के बिल्कुल विपरीत है। इसकी वजह यह है कि प्राधिकरण की जो आय है वह जनता के दिए गए टैक्स या अन्य साधनों से है।

**RADICO KHAITAN FINANCE LIMITED**
**CIN NO. L74899DL1984PLC019092**
**4A, 4TH FLOOR, MASOODPUR DAIRY FARMS, NEW DELHI – 110070**
**TELEPHONE NO. 011-71859609**
**EMAIL: admin@radicoindia.com, website: radicoindia.com**

**Notice for 40th Annual General Meeting , Book Closure and E-voting**

(A) **Annual General Meeting:**
Notice is hereby given that the 40th Annual General Meeting of RADICO KHAITAN FINANCE LTD will be held on Wednesday, 30th Day of September, 2026 at 2.30 P.M. at Pt. Gyani Ram Farm House C/o Bijender Sharma, Advo. Near Canara Bank, Main Road Asola, Fathepur Beri, New Delhi- 110074.

(B) **Book Closure:**
Notice is further given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and clause 16 of the Listing Agreement, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 24th Day of September, 2026 to 30th Day of September, 2026, both days inclusive.

(C) **E-Voting:**
In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the Members are provided with the facility of e-voting on all resolutions setforth in the Notice.

The e-voting period commences on Sunday, September 27, 2026 from 9.00 a.m. and ends on Tuesday, September 29, 2026 at 5.00 p.m. The result of the e-voting shall be announced after the AGM of the Company on 01.10.2026
Notice is already available on www.msei.in and www.radicoindia.com

For **Radico Khaitan Finance Limited**
**Krishan Kumar Sharma**
**Director**
**DIN: 00856406**

**Dated :** 04. 09. 2026
**Place :** New Delhi

# कारफोर के साथ अपैरल ग्रुप की नई पहल, रिटेल सेक्टर को मिलेगी नई दिशा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा। अग्रणी फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल समूह, अपैरल ग्रुप ने एच एंड एस मॉल, बुलेवार्ड वॉक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में प्रसिद्ध रिटेलर कारफोर के पहले फ्लैगशिप स्टोर के उद्घाटन के साथ भारत में कारफोर के प्रवेश की घोषणा की है, जो दुनिया के सबसे गतिशील उपभोक्ता बाजारों में से एक में दोनों व्यवसायों के लिए एक महत्वाकांक्षी नए अध्याय की शुरूआत है। यह स्टोर का उद्घाटन अपैरल ग्रुप की भारत में विकास यात्रा और खाद्य एवं हाइपरमार्केट रिटेल में उसके विस्तार का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कारफोर की अंतरराष्ट्रीय रिटेल विशेषज्ञता और अपैरल ग्रुप की भारतीय बाजार को लेकर गहरी समझ को एक साथ लाते हुए, यह साझेदारी भारत में आधुनिक रिटेल की एक नई पीढ़ी की नींव रखती है, जो गुणवत्ता, मूल्य, सुविधा और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती महत्वाकांक्षाओं पर आधारित है। 50,000+ वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला ग्रेटर नोएडा फ्लैगशिप, स्थानीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप सोच-समझकर तैयार किए गए प्रस्ताव के माध्यम से कारफोर के स्थापित रिटेल अनुभव को भारत में प्रस्तुत करता है। एपीपीकॉर्प होल्डिंग के चेयरमैन, निलेश वेद, अपैरल ग्रुप के मालिक और कोरा प्रॉपर्टीज के संस्थापक ने कहा भारत में कारफोर का प्रवेश केवल एक प्रतिष्ठित रिटेलर के आगमन तक सीमित नहीं है। यह भारत की असाधारण क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास और देश के रिटेल परिदृश्य के अगले अध्याय को आकार देने में योगदान देने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

कारफोर के साथ मिलकर, हम अंतरराष्ट्रीय रिटेल विशेषज्ञता को स्थानीय बाजार की गहरी समझ के साथ जोड़ रहे हैं, ताकि एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जा सके। कारफोर के कार्यकारी निदेशक अंतरराष्ट्रीय साझेदारी, पैट्रिक लासफार्गेस ने कहाः आज का लॉन्च कारफोर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हम आधिकारिक रूप से भारत में अपनी रिटेल यात्रा शुरू कर रहे हैं।

## चिकित्सा संस्थान की उद्घाटन पट्टिका मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

गाजियाबाद। मिजोरम के राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह के कार्यालय ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), गाजियाबाद में उद्घाटन पट्टिका से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। राज्यपाल के अतिरिक्त निजी सचिव कुलदीप सिंह चौहान द्वारा 2 सितंबर 2026 को जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार मंदर को भेजे पत्र में कहा गया है कि राज्यपाल कार्यालय को एक शिकायत प्राप्त हुई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि पुलिस जांच के दौरान प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम वाली उद्घाटन पट्टिका के संबंध में कथित रूप से नई पट्टिका लगाई गई तथा बाद में बैकडेट में अनुमोदन एवं रिकॉर्ड तैयार किए गए।

## रिलायंस संबंधित जमीन का निस्तारण

# किसानों ने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर का किया स्वागत



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रिलायंस से जुड़े किसानों की वर्षों से लंबित समस्या को लेकर पूर्व सांसद डॉ. रमेशचंद तोमर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर किसानों की गंभीर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने पूरी बात गंभीरता से सुनते हुए ऊर्जा मंत्रालय को तत्काल प्रभाव से किसानों को मुआवजा दिए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद धौलाना क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद बड़ी संख्या में किसान पूर्व सांसद के कविनगर स्थित आवास पर पहुंचे।

**एसएआर टेलीवेंचर लिमिटेड**
**सीआईएनः L45202UP2019PLC213062**
**पंजीकृत कार्यालयः** बी–16, प्रथम तल, सेक्टर–2, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
**मोबाइल नंबरः**+91–8587050050
**ईमेलः** info@sarteleventure.com, **वेबसाइटः** www.sarteleventure.com
**7वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. एसएआर टेलीवेंचर लिमिटेड ("कंपनी") की 7वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को दोपहर 1:00 बजे (भारतीय समयानुसार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के जरिए आयोजित की जाएगी। इसमें सामान्य और विशेष कामकाज निपटाए जाएंगे, जैसा कि एजीएम के नोटिस में बताया गया है। यह आयोजन कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों, 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 के सर्कुलर, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा समय–समय पर जारी सर्कुलर (जिसमें सबसे न्या जनरल सर्कुलर नंबर 03/2025 है, जो 22 सितंबर, 2025 को जारी हुआ था) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा समय–समय पर जारी सर्कुलर (जिन्हें सामूहिक रूप से "सर्कुलर" कहा गया है) के प्रावधानों का पालन करते हुए किया जाएगा। इसमें सदस्यों की किसी एक जगह पर शारीरिक रूप से मौजूदगी की जरूरत नहीं होगी।
2. एमसीए और सेबी के सर्कुलर के अनुसार, 7वीं एजीएम का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट (जिसमें 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय विवरण भी शामिल हैं) 4 सितंबर, 2026 को सिर्फ उन सदस्यों को ईमेल से भेजे गए हैं जिनके ईमेल एड्रेस कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपीज") के पास रजिस्टर्ड हैं। एमसीए और सेबी के सर्कुलर के तहत सदस्यों को एजीएम के नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की फिजिकल कॉपी भेजने की जरूरत को खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा, जिन सदस्यों के ईमेल एड्रेस कंपनी/आरटीए या डीपीज के पास रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें 7वीं एजीएम के नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट को देखने के लिए वेब–लिंक वाला एक लेटर भी भेजा जा रहा है।
3. कट–ऑफ तारीख यानी 22 सितंबर, 2026 तक फिजिकल या डीमटेरियलाइज्ड (डीमैट) रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्य, एजीएम के नोटिस में बताए गए सामान्य और विशेष कामकाज पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। यह वोटिंग कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ('एमयूएफजी इनटाइम/आरटीए') की रिमोट ई–वोटिंग / ई–वोटिंग सुविधा के जरिए की जा सकती है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:
   i. एजीएम के नोटिस में बताए गए सामान्य और विशेष कामकाज को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के जरिए निपटाया जा सकता है;
   ii. रिमोट ई–वोटिंग शनिवार, 26 सितंबर, 2026 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) शुरू होगी;
   iii. रिमोट ई–वोटिंग सोमवार, 28 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी;
   iv. बताई गई तारीख और समय के बाद एमयूएफजी इनटाइम रिमोट ई–वोटिंग सुविधा को बंद कर देगा। बताई गई तारीख और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और एक बार जब सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट डाल देता है, तो उसे बाद में वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी;
   v. एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग / ई–वोटिंग के जरिए वोट देने की पात्रता तय करने के लिए कट–ऑफ तारीख 22 सितंबर, 2026 है;
   vi. सिर्फ वे लोग, जिनका नाम कट–ऑफ तारीख यानी 22 सितंबर, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए बेनिफिशियल ओनर्स (लाभार्थी मालिकों) के रजिस्टर में दर्ज है, वे एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग ६ ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।
   vii. जो सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के जरिए वोट करते हैं, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के हकदार नहीं होंगे।
   viii. कोई सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के जरिए अपना वोट देने के बाद भी एजीएम में शामिल हो सकता है, लेकिन उसे मीटिंग में दोबारा वोट देने की इजाजत नहीं होगी।
   ix. जो कोई व्यक्ति मीटिंग का नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तारीख यानी 22 सितंबर, 2026 को शेयर रखता है, वह instameet@in.mpms.mufg.com पर ईमेल भेजकर या 022–49186175 पर कॉल करके यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
   x. हालांकि, जो व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए एमयूएफजी इनटाइम के साथ रजिस्टर्ड हैं, वे वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। ई–वोटिंग से जुड़े किसी भी सवाल या शिकायत के मामले में, सदस्य https://instavote.linkintime.co.in पर हेल्प सेक्शन देख सकते हैं।
   xi. जिन सदस्यों के पास फिजिकल रूप में शेयर हैं और जिन्होंने कंपनी के पास अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं कराया है, लेकिन वे 7वीं एजीएम का नोटिस, 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और/या वीसी/ओएवीएम सुविधा (जिसमें ई–वोटिंग भी शामिल है) के जरिए 7वीं एजीएम में शामिल होने के लिए लॉगिन डिटेल्स पाना चाहते हैं, वे अब कंपनी के पास अपना ईमेल पता रजिस्टर करा सकते हैं। इसके लिए, वे अपना फोलियो नंबर, पूरा पता और रजिस्टर किए जाने वाले ईमेल पते का जिक्र करते हुए साइन किए गए रिक्वेस्ट लेटर की स्कैन की हुई कॉपी, साथ ही पैन कार्ड की सेल्फ–अटेस्टेड कॉपी और सदस्य के रजिस्टर्ड पते के सबूत के तौर पर कोई डॉक्यूमेंट, कंपनी को info@sarteleventure.com पर ईमेल कर सकते हैं। जिन सदस्यों के पास डीमैट रूप में शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ईमेल पता केवल अपने डीपी के पास ही रजिस्टर कराएं।
   xii. एजीएम का नोटिस और सालाना रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://sarteleventure.com और एमयूएफजी इनटाइम की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध हैं।
   xiii. एल. गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज को ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के तौर पर नियुक्त किया गया है।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट https://sarteleventure.com और उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है, जहाँ कंपनी के शेयर लिस्टेड हैं।

**निदेशक मंडल की ओर से**
**एसएआर टेलीवेंचर लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षर/–**
**मयंक जैन**
**कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफिसर**
**सदस्यता संख्याः ए26620**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**तारीखः 4 सितंबर, 2026**

# ग्रेटर नोएडा में 25 परियोजनाओं को मंजूरी, 18 सितंबर तक आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर के विकास, रखरखाव, विद्युत व्यवस्था, उद्यान और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े 25 महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 31.92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत कार्यों के लिए इच्छुक कार्यदायी संस्थाओं से 18 सितंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इसके बाद 21 सितंबर को पूर्व-योग्यता संबंधी बैठक होगी और प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्यों का आवंटन कर निर्माण एवं रखरखाव कार्य शुरू कराया जाएगा।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार के अनुसार, शहर में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के बेहतर रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वीकृत परियोजनाओं में सड़क, नाली, सीमा दीवार, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, हरित पट्टी, पार्कों के रखरखाव और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं।

**निर्माण से जुड़े 8 प्रमुख कार्यः** प्राधिकरण ने निर्माण विभाग से संबंधित 8 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सेक्टर-3 में सीमा दीवार के निर्माण और मरम्मत के लिए करीब 80.61 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सेक्टर पी-3 में खुले व्यायाम स्थल, बच्चों के उपकरण और झोपड़ी के निर्माण पर 94.76 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। सेक्टर पी-3 के भवन निमार्ताओं वाले क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सड़क के दोनों ओर घास वाले पक्के फर्श बनाने पर 1.05 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। सेक्टर-1 और केपी-5 में 80 मीटर सड़क तथा सेक्टर-1 की हरित पट्टी में दबावयुक्त प्रबलित सीमेंट कंक्रीट नाली के निर्माण के लिए 1.57 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है।

सेक्टर ईकोटेक-6 में 60 मीटर सड़क पर ढकी हुई प्रबलित सीमेंट कंक्रीट नाली बनाने पर 1.68 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, सेक्टर-3 की आंतरिक सड़कों की दोबारा सतह



बिछाने के लिए 1.89 करोड़ रुपये तथा दनकौर-सिकंदराबाद मार्ग से ग्राम दनकौर तक सड़क की दोबारा सतह बिछाने के लिए 1.79 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में पूर्वनिर्मित प्रबलित सीमेंट कंक्रीट की सीमा दीवारों के निर्माण पर 1.41 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया गया है।

**3 वर्ष तक नालियों और सड़कों का रखरखावः** प्राधिकरण ने वार्षिक रखरखाव से जुड़े 3 कार्यों को भी प्राथमिकता दी है। सूरजपुर-कासना मार्ग पर एलजी गोलचक्कर से सेक्टर स्वर्ण नगरी तक 3 वर्ष के लिए नालियों की सफाई, पटरी की दुरुस्ती और रंगाई-पुताई का कार्य कराया जाएगा। इस पर 1.59 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सेक्टर-12 में 3 वर्ष तक नालियों की सफाई व्यवस्था के लिए 1.64 करोड़ रुपये तथा सेक्टर अल्फा-1 में नाली सफाई, रंगाई-पुताई, पटरी की देखभाल और झाड़ियों की सफाई के लिए 1.61 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

**विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने पर जोरः** शहर में विद्युत प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कई कार्यों को मंजूरी दी गई है। मलकपुर प्राथमिक विद्यालय में आंतरिक विद्युत कार्य तथा बोडाकी और पाली के अधोमार्ग में प्रकाश व्यवस्था के लिए 17.05 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जलपुरा स्थित 220 किलोवोल्ट उपकेंद्र के सामने 45 मीटर चौड़ी सड़क पर मार्ग प्रकाश लगाने के लिए 26.35 लाख रुपये का प्रावधान है। पल्ला गांव की 6 प्रतिशत आबादी में विद्युतीकरण पर 1.08 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले से स्थापित मार्ग प्रकाश और ऊंचे प्रकाश स्तंभों के 3 वर्ष तक बेहतर संचालन एवं रखरखाव के लिए करीब 1.06 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न गांवों में ऊंचे प्रकाश स्तंभ लगाने पर 1.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सेक्टर ओमिक्रॉन-3, म्यू-1, जीटा और इन क्षेत्रों के पार्कों में ऊंचे प्रकाश स्तंभ लगाने के लिए 1.92 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। वहीं, सेक्टर सिग्मा-2, 3, 4 तथा सेक्टर-31, 32 और 36 की सेवा सड़कों पर मार्ग प्रकाश लगाने के लिए 1.59 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सेक्टर ईटा-2 में 60 मीटर सड़क पर प्रकाश व्यवस्था के लिए करीब 1.29 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**हरित पट्टियों और पार्कों के रखरखाव पर भी खर्चः** प्राधिकरण ने उद्यान एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 6 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में ऊर्ध्वाधर उद्यान विकसित करने पर 28.48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। तिलपता चौराहे से सिरसा चौराहे होते हुए तिराहे तक केंद्रीय पट्टी में पौधों की कटाई और रंगाई-पुताई के लिए 1.05 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। बादलपुर और दादरी बाईपास की हरित पट्टी तथा पार्कों के रखरखाव पर 1.13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल चौराहे से होली पब्लिक स्कूल, सेक्टर सिग्मा-1 तक हरित पट्टी के रखरखाव पर 1.42 करोड़ रुपये तथा सेक्टर जीटा चौराहे से दादरी-सिकंदराबाद मार्ग तक 75 मीटर चौड़ी हरित पट्टी के रखरखाव पर 1.51 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

FROM THE WORLD

UK

## Clancy trial ends without verdict

The deadlocked jury in the Lindsay Clancy trial went home without a verdict Thursday in a dramatic sixth day of deliberations, after the jury's foreperson sent the judge a note saying a single juror won't follow the court's instructions about reasonable doubt.

Details of the jury room conflict weren't revealed by the judge and only briefly discussed in open court, but they raised the possibility that a single holdout was standing in the way of a verdict on whether the Massachusetts mother is criminally responsible for killing her three children. (AP)

# Miracle in Nepal: Two men rescued alive from tunnel

ASHOKE RAJ ■ New Delhi

In a remarkable rescue after nine days of entrapment, two men were pulled alive from a tunnel at Nepal's Trishuli 3A hydropower project on Friday, offering a rare moment of hope as the death toll from devastating flash floods climbed to 1,295.

The survivors were identified as 45-year-old Kabir Maharjan, a mechanical supervisor, and 30-year-old Sanjay Sah, a foreman. They had been trapped inside the tunnel since the floods struck on August 26 following an ice-rock avalanche near the Nepal-Tibet border.

Maharjan was airlifted to the Nepal Army Hospital in Chhauni, Kathmandu, where his condition was reported to be critical. Sah was taken to Trishuli Hospital in Nuwakot, according to Nepali Army spokesperson Raja Ram Basnet. Sah, who is from Saptari district in Madhesh province, told rescuers that he had spent the nine days trapped inside the tunnel chanting the *Hare Krishna* mantra.

"I was chanting Hare Krishna mahamantra for the past nine days," Sah said shortly after being brought to safety. The rescue brought immense relief to Maharjan's family. His wife, Hira Shobha, said her husband had been given a "second life" and expressed gratitude to the rescuers who worked to bring him out.

"He has returned with a second life. We are extremely happy," she was quoted as saying by The *Kathmandu Post*. The dramatic rescue came as Nepal continued to recover bodies from areas devastated by the flash floods. Nepal Police said 1,293 bodies had been recovered from eight districts. Chitwan recorded the highest number with 359 bodies, followed by Nawalparasi East with 221, Nawalparasi West with 212 and Nuwakot with 186.

Rasuwa reported 140 deaths, while 72 bodies were recovered in Gorkha, 65 in Dhading and 38 in Tanahu.

Two additional flood victims died at separate hospitals in Kathmandu on Friday, taking the overall death toll to 1,295.

Security forces are continuing large-scale search and rescue operations for an estimated 5,000 people still missing. Authorities say 13,093 people have so far been rescued from affected areas. The disaster has also left hundreds of families searching for children who remain unaccounted for. Around 600 children are believed to be missing in Rasuwa and Nuwakot districts. Preliminary figures indicate that about 280 children are missing in Rasuwa, while between 300 and 350 remain unaccounted for in neighbouring Nuwakot. Officials said communication breakdowns and the destruction caused by the floods have made it difficult to establish accurate figures.

Surya Bahadur Khatri, head of the Nuwakot Education Development and Coordination Unit, said authorities were working with school headmasters to verify the numbers. "We estimate that at least 300 pupils are missing in our district," he said. In Bidur Municipality alone, roughly 250 children remain missing, according to local education officials.

Navaraj Sapkota, a school inspector in Bidur, described the situation as deeply distressing, saying some surviving parents were unable to locate their children while some children were searching for missing parents.

Rasuwa officials have so far recorded around 280 missing students. At least 22 teachers and school staff members are also missing across Rasuwa and Nuwakot.

Several teachers from Dhading and Gorkha who had travelled to Rasuwa on pilgrimage were also caught in the floods. Rasuwa reported 16 missing teachers and Nuwakot six. The floods affected 22 schools across Rasuwa, Nuwakot and Dhading, with 12 completely destroyed, according to education ministry data cited by *The Kathmandu Post.* India has also continued its assistance to Nepal's flood-relief operations. The sixth and seventh Indian relief flights arrived in Kathmandu on Thursday night carrying 21.5 tonnes of relief materials, including forensic kits and medical supplies.



Personnel from a joint search and rescue team assist a trapped worker following his successful rescue from a tunnel of the Trishuli 3A Hydropower Project, in Rasuwa district, Nepal PTI

# Nepal Government unveils first relief package for flood-hit businesses

PRESS TRUST OF INDIA ■ Kathmandu

